gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

8-14 अगस्त 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

8-14 अगस्त 2019

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने कौन सी नई सावधिक बीमा योजना शुरू की _____ **जीवन अमर।**

नोट:

- यह एक नॉन-लिंक्ड, गैर-भागीदारी वाली **मियादी जीवन बीमा योजना** है और अन्य बीमा योजनाओं की तुलना में पॉलिसी धारकों को अधिक सुविधाएं प्रदान करती हैं।
- यह योजना 80 वर्ष आयु की अधिकतम परिपक्वता अवधि के साथ **18-65 वर्ष** की आयु के व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है और पॉलिसी टर्म 10 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक है।
- पॉलिसी टर्म में बीमा प्रीमियम का भुगतान एक बार में, लिमिटेड प्रीमियम भुगतान में या नियमित प्रीमियम भुगतान में किया जा सकता है।

2. भारत का केंद्रीय बैंक जो एक **केंद्रीय भुगतान धोखाधड़ी रजिस्ट्री** स्थापित करेगा _____**भारतीय रिजर्व बैंक।**

नोट:

- यह रजिस्ट्री सामयिक आधार पर डिजिटल भुगतान से संबंधित धोखाधड़ी की निगरानी करेगी और ग्राहकों को व्यक्तिगत भुगतान ऑपरेटरों से संबंधित जोखिमों की सामयिक संग्रहित जानकारी प्रदान करेगी।
- इससे इन चैनलों में ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा।
- नियामकों द्वारा प्रस्तावित रजिस्ट्री पर एक विस्तृत रूपरेखा अक्टूबर में जारी की जाएगी।
- वर्तमान में, सभी बैंकिंग धोखाधड़ी की जानकारी देने हेतु RBI के पास बैंकों के लिए रिजर्व बैंक का केंद्रीय धोखाधड़ी निगरानी सेल है।
- प्रस्तावित रजिस्ट्री सभी भुगतान ऑपरेटरों के लिए प्लेटफॉर्म का विस्तार कर सकती है।

3. SBI लाइफ इंश्योरेंस और **इंडियन बैंक** ने किन्हें संपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करने के लिए एक **बैंकएश्योरेंस समझौते** पर हस्ताक्षर किए _____ **बैंक ग्राहकों।**

नोट:

- SBI लाइफ इंडियन बैंक के ग्राहकों को जीवन बीमा पॉलिसी देने के लिए बिक्री प्रशिक्षण, उत्पाद आधार और सुचारू संचालन की सुनिश्चिता हेतु बैंक के साथ काम करेगा।
- इंडियन बैंक के ग्राहकों के पास SBI लाइफ की ओर से खानपान से लेकर ग्राहक के जीवन स्तर की विभिन्न आवश्यकताओं तक जीवन बीमा उत्पाद प्रदान किए जाएंगे।
- इंडियन बैंक की व्यापक शाखाओं और SBI लाइफ के व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ, इस साझेदारी से उपभोक्ताओं को जीवन बीमा उत्पादों की सरल उपलब्धता मिलेगी।

4. भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने अपने ऋण की ब्याज दरों में कितनी कटौती करने की घोषणा की _____ **15-आधार अंक।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- देश के सबसे बड़े ऋणदाता ने एक बयान में कहा कि ब्याज की नई दरें (8.25 प्रतिशत) 10 अगस्त से प्रभावी होंगी।
- इस कटौती के बाद, SBI आवास ऋण अप्रैल से 35 आधार अंक सस्ता हो गया है। बैंक 1 जुलाई, 2019 से रेपो रेट से जुड़े आवास ऋण प्रदान कर रहा है।

5. ग्राहकों को उनके ऑनलाइन बैंक खाते की सुरक्षा या ATM धोखाधड़ी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए नई साइबर बीमा योजना किसने शुरू की ____ **SBI जनरल इंश्योरेंस।**

नोट:

- **पूशन महापात्रा** SBI जनरल इंश्योरेंस के नए MD और CEO हैं।

6. वैश्विक भुगतान एवं प्रौद्योगिकी कंपनी जिसने एक **आइडेंटिटी चेक एक्सप्रेस** समाधान की शुरुआत की ____**मास्टरकार्ड।**

नोट:

- यह ऑनलाइन लेनदेन को सुरक्षित करने के लिए मोबाइल सत्यापन के साथ पहला और अगली पीढ़ी का समाधान है।
- यह समाधान अनावश्यक टकराव को खत्म करने और ऑनलाइन लेनदेन की सुरक्षा बढ़ाने में मदद करेगा।
- मास्टरकार्ड आइडेंटिटी चेक एक्सप्रेस नवीनतम तकनीक से युक्त है, जिसमें डिवाइस इंटेलिजेंस और व्यवहारिक बायोमेट्रिक्स शामिल हैं, इसमें नवीनतम EMV 3- D सुरक्षा और FIDO प्रमाणीकरण मानक हैं।
- आइडेंटिटी चेक एक्सप्रेस को भारत में पहली बार आयोजित ग्लोबल मास्टरकार्ड साइबरसिक्योरिटी समिट में प्रदर्शित किया गया था।

7. व्यापारी संस्था **अखिल भारतीय व्यापारी संगठन (CAIT)** ने कौन सी पहल शुरू की _____ **डिजी व्यापारी-सफल व्यापारी।**

नोट:

- यह देश भर के व्यापारियों के बीच डिजिटल भुगतान स्वीकार करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए है।
- इसके लिए CAIT ने HDFC बैंक, मास्टरकार्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Meity) के जन सुविधा केंद्रों (CSC) और ग्लोबल लिंकर्स के साथ साझेदारी की है।

8. RBL बैंक और किस डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म ने पहले को-ब्रांडेड **हेल्थ क्रेडिट कार्ड** को लॉन्च करने के लिए भागीदारी की ____**प्रैक्टो।**

नोट:

- यह क्रेडिट कार्ड मास्टरकार्ड द्वारा संचालित है और यह प्रैक्टो और RBL मोबाइल ऐप एवं वेबसाइटों दोनों पर उपलब्ध है।
- यह अनुभवी और योग्य डॉक्टरों के साथ असीमित और चौबीस घंटे ऑनलाइन परामर्श, शरीर की एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच जैसे लाभ प्रदान करता है, जबकि उपयोगकर्ता कार्ड का उपयोग करके प्वाइंट्स अर्जित कर सकते हैं, इन प्वाइंट्स का उपयोग प्रैक्टो की सेवाओं जैसे दवा ऑर्डर करना, जांच और ऑनलाइन परामर्श के लिए किया जा सकता है।
- वर्तमान में, प्रैक्टो देश का एकमात्र ऐसा प्लेटफॉर्म है जो मरीजों को प्रारंभ से अंत तक उनकी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहायता प्रदान करता है।

9. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के अनुसार, आधार अधारित भुगतान प्रणाली (AePS) ने जुलाई, 2019 के दौरान लेन-देन की किस संख्या को पार किया _____ **220 मिलियन (22 करोड़) से अधिक।**

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

नोट:

- AePS मॉडल द्वारा प्रदान की जाने वाली शीर्ष पांच सेवाएं नकद निकासी, नकद जमा, आधार से आधार निधि हस्तांतरण, शेष धनराशि पूछताछ, गेटवे सत्यापन सेवा हैं।
- AePS एक बैंक आधारित मॉडल है जो बिक्री केंद्रों पर बुनियादी बैंकिंग लेनदेन की मंजूरी देता है।
- AePS एक बैंक ग्राहक को संबंधित आधार सक्षम बैंक खाते का उपयोग करने और नकद निकासी, इंट्राबैंक या इंटरबैंक निधि हस्तांतरण एवं शेष धनराशि पूछताछ जैसे बुनियादी बैंकिंग लेनदेन हेतु पहचान के रूप में आधार का उपयोग करने का अधिकार देता है।

श्रद्धांजलियां

1. WWE के पेशेवर पहलवान जिनका फेफड़ों के कैंसर के कारण निधन हो गया___ **हार्ले रेस।**

नोट:

- वह रेसलिंग सर्किट का मुख्य आधार बन गए और उन्होंने वर्ष 1960, 70 और 80 के दशक में कई व्यक्तिगत और टैग-टीम खिताब जीते।
- रेस ने डस्टी रोड्स, रिक फ्लेयर, आंद्रे द जाइंट, हल्क होगन और अन्य बड़े नामों के खिलाफ हाई-प्रोफाइल मैच लड़े थे।

2. बॉलीवुड के अनुभवी निर्देशक और अभिनेता ऋतिक रोशन के दादा जिनका निधन हो गया___ **जे. ओम प्रकाश।**

नोट:

- वह अपनी फिल्मों "आप की कसम" (1974), "अपनापन" (1977), "आशा" (1980), "अपना बना लो" (1982), "अर्पण" (1983) "आखिर क्यों?" (1985) और "आदमी खिलौना है" (1993) के लिए जाने जाते हैं।

3. गायक-गीतकार जिन्होंने वर्ष 1990 में इंडी ग्रुप 'सिल्वर ज्यूस' (Silver Jews) का गठन किया, का निधन हो गया __ **डेविड बर्मन।**

नोट:

- बर्मन कई वर्षों से मादक पदार्थों की लत से पीड़ित रहे थे और कई बार अधिक मात्रा में सेवन करने और आत्महत्या के प्रयास के बाद भी बच गए थे।
- 'सिल्वर ज्यूस' (Silver Jews) ने वर्ष 1994 और 2008 के बीच छह स्टूडियो एल्बम रिकॉर्ड किए और कभी-कभी लाइव परफॉर्मेंस किए।
- बर्मन ने कविता की दो पुस्तकें 'एक्चुअल एयर' और 'द पोर्टेबल फरवरी' भी लिखीं।

4. प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार के खिलाफ संघर्ष किया, का निधन हो गया_____ **दयानिधि नायक।**

नोट:

- वह पनिमोरा के 32 स्वतंत्रता सेनानियों में से एक हैं, वह ब्रिटिश सरकार के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हुए और वह महात्मा गांधी के अनन्य अनुयायी थे।
- भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, उन्हें नौ महीने की जेल हुई थी।

5. आइवरी के संगीतकार जिनका एक खतरनाक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया_____ **होउआन एंगे डिडियर।**

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

नोट:

- डीजे अराफात (33-वर्षीय) ने 11 एल्बम जारी किए, जिनमें नृत्य संगीत शैली 'coupe-decale' वाले एल्बम प्रमुख है जो रैपिड पर्क्यूशन, हिप हॉप के साथ चॉपी रिदम्स का मिश्रण है।
- उन्हें वर्ष 2016 और 2017 में आइवरी के 'coupe-decale' पुरस्कार में 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ कलाकार' भी चुना गया था।

6. वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अतिरिक्त महान्यायभिकर्ता जिनका निधन हो गया____ **अमरेंद्र शरण।**

नोट:

- शरण वर्ष 2004 से 2009 तक सर्वोच्च न्यायालय में अतिरिक्त महान्यायभिकर्ता थे।
- वर्ष 2008 में, शरण ने राष्ट्रीय विधि दिवस पर "वैज्ञानिक विधिशास्त्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान" के लिए पुरस्कार जीता था।
- वरिष्ठ अधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय में पिछले वर्ष SC/ST अधिनियम से संबंधित मामले में और महात्मा गांधी की हत्या से संबंधित एक अन्य मामले में न्यायमित्र थे।

7. अर्जेंटीना की विश्व कप विजेता टीम के डिफेंडर जिनका अल्जाइमर से लंबे संघर्ष के बाद निधन हो गया__ **जॉस लुइस ब्राउन।**

नोट:

- ब्राउन ने अपने देश के लिए 36 मैच खेले, जिनमें से सबसे प्रसिद्ध वर्ष 1986 में मैक्सिको में आयोजित विश्व कप फाइनल था।
- जॉस लुइस ब्राउन, जिन्हें उनके उपनाम "टाटा" से जाना जाता है, ने मैच में अपने कंधे उखड़ने के बाद भी स्थानापन्न होने से इनकार कर दिया था।

महत्वपूर्ण दिवस

1. अगस्त क्रांति दिवस की 77वीं वर्षगांठ पूरे देश में कब मनाई गई____ **8 अगस्त, 2019**

नोट:

- वर्ष 1942 में इस दिन, महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन का अंत करने का आह्वान किया और मुंबई में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अधिवेशन में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया।
- गांधीजी ने मुंबई में **गोवालिया टैंक मैदान** में दिए गए अपने भारत छोड़ो भाषण में **करो या मरो** का नारा दिया।

2. विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है _____**9 अगस्त।**

नोट:

- इस वर्ष का विषय - **'स्वदेशी भाषाएं'** (Indigenous Languages) है।
- 23 दिसंबर, 1994 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 9 अगस्त को अपने प्रस्ताव 49/214 के माध्यम से विश्व के स्वदेशी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में घोषित किया।

3. विश्व जैव ईंधन दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _____**10 अगस्त।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- यह दिवस पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में गैर-जीवाश्म ईंधन के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाता है और जैव ईंधन क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों को दर्शाता है।

4. विश्व हाथी दिवस (WED) हर वर्ष मनाया जाता है _____**12 अगस्त।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय हाथी दिवस का उद्देश्य अफ्रीकी और एशियाई हाथियों की दुर्दशा के बारे में जागरूकता फैलाना और बंदी और जंगली हाथियों से संबंधित जानकारी और प्रबंधन की नीतियों को साझा करना है।
- पहला अंतर्राष्ट्रीय हाथी दिवस 12 अगस्त, 2012 को मनाया गया था।
- वर्ष 2017 में हुई जनगणना के अनुसार, भारत में हाथियों की अनुमानित आबादी 29,964 है।

5. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस (IYD) हर वर्ष मनाया जाता है _____**12 अगस्त।**

नोट:

- अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2019 का विषय 'Transforming education' है।
- अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2019 इस बात की जांच करेगा कि सरकारें, युवा लोग और युवा-नेतृत्व वाले एवं युवा-केंद्रित संगठन तथा अन्य हितधारक शिक्षा में कैसे परिवर्तन ला रहे हैं और सतत विकास के लिए वर्ष 2030 के एजेंडा की पूर्ति हेतु उनके प्रयास इसमें किस प्रकार योगदान दे रहे हैं।

6. बलिदान का पर्व जो देश में धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया ___ **ईद-उल-अज़हा।**

नोट:

- श्रद्धालु ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करेंगे।
- यह पर्व भक्ति, विश्वास एवं बलिदान के गुणों का प्रतीक है और भाईचारे, दया एवं एकता की भावनाओं को प्रेरित करता है।
- इस्लामी चंद्र कैलेंडर में, ईद-उल-अधा, धू-अल-हिज्जाह की 10वीं तारीख को होता है और तीन दिनों तक चलता है।
- अंतर्राष्ट्रीय (ग्रेगोरियन) कैलेंडर में, तिथियां वर्ष दर वर्ष भिन्न होती हैं और यह हर पिछले वर्ष से 11 दिन पूर्व मनाया जाता है।

नई नियुक्तियां

1. राष्ट्र के स्वामित्व वाली **पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया** के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया _____ **कांदीकुप्पा श्रीकांत।**

नोट:

- इससे पहले वह पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे।
- ऊर्जा मंत्रालय के आदेश के अनुसार, कांदीकुप्पा श्रीकांत का कार्यकाल 31 दिसंबर, 2023 तक रहेगा।

2. मुख्यमंत्री के **ग्रीन मणिपुर मिशन** के लिए ब्रांड एंबेसडर किसे नियुक्त किया गया___ **वेलेंटीना एलंगबाम।**

नोट:

- मणिपुर की **वेलेंटीना एलंगबाम** (9-वर्षीय) को एक वायरल वीडियो में अपने द्वारा लगाए गए दो पेड़ों के कटने के बाद रोते हुए देखा गया था।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- काकचिंग जिले की वेलेंटीना, हियांगलम वाबगई में अमुटोम्बी डिवाइन लाइफ स्कूल में कक्षा 5 की छात्रा है।
- उसने कक्षा 1 में पढ़ने के दौरान अपने इलाके में एक नदी के किनारे दो गुलमोहर के पेड़ लगाए थे।
- वेलेंटीना नदी-तट की सफाई किए जाने के दौरान अपने द्वारा लगाए गए पेड़ों को काट दिए जाने के बाद दुखी थी।

3. दक्षिणपंथी उम्मीदवार जिन्हें ग्वाटेमाला का नया राष्ट्रपति चुना गया ___ **एलेजैंड्रो गियाम्मेटेई।**

नोट:

- उन्होंने नरमदलवादी नेशनल यूनिटी ऑफ होप पार्टी से पूर्व प्रथम महिला सैंड्रा टोरेस को हराया।
- गियाम्मेटेई भ्रष्टाचार से प्रभावित निवर्तमान राष्ट्रपति जिमी मोरालेस की जगह लेंगे।
- गियाम्मेटेई 14 जनवरी, 2020 को पदभार ग्रहण करेंगे।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री **रमेश पोखरियाल निशंक** ने देश के सभी स्कूली बच्चों के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कौन सा अभियान शुरू किया___ **समग्र शिक्षा-जल सुरक्षा।**

नोट:

- प्रधान मंत्री की जल संचय प्रेरणा से प्रोत्साहित होकर, भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान (JSA) शुरू किया है।
- जल संरक्षण की यह अवधारणा छात्रों के लिए आवश्यक है ताकि वे जल के महत्व और कैसे यह उनके जीवन को सार्थक रूप दे रहा है, इसे समझ सकें, जिससे वे अपने जीवन में दिन प्रतिदिन जल संरक्षण गतिविधियों में भाग ले सकें।

2. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास और **राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (NIOT)** के शोधकर्ता ऐसा टर्बाइन विकसित कर रहे हैं जो किस कार्य हेतु महासागरीय तरंगों की शक्ति का उपयोग कर सकता है _____ **बिजली उत्पादन।**

नोट:

- भारत की लंबी तटरेखा और कई मुहाने और खाड़ी बिजली की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तरंगों की शक्ति का उपयोग करने के पर्याप्त अवसर प्रदान करते हैं।
- भारत सरकार के महासागर विकास विभाग के तत्वावधान में समुद्र अभियांत्रिकी विभाग, IIT मद्रास वर्ष 1983 से तरंग ऊर्जा को वास्तविकता में लाने के लिए काम कर रहे हैं।
- राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से IIT मद्रास के सबसे हालिया शोध पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित किए जा रहे हैं।

3. सौर तापीय ऊर्जा क्षेत्र में विभिन्न स्तर के लाभार्थियों के लिए एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू करने हेतु **संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (UNIDO)** के साथ किसने समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं___ **राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (NISE)।**

नोट:

- समझौते के तहत NISE और UNIDO विशेष प्रशिक्षण सामग्री विकसित करके सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करेंगे।
- यह समझौता UNIDO द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित MNRE-GEF-UNIDO परियोजना का भाग है और यह कन्सनट्रेटेड सोलर थर्मल एनर्जी टेक्नोलॉजी (CST) में तकनीकी जनबल के क्षमता विकास और कौशल विकास के समर्थन हेतु है।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

4. किसकी स्वर्ण जयंती संस्करण के अवसर पर विशेष **डाक टिकट** जारी किया जाएगा _____**IFFI.**

नोट:

- यह महोत्सव गोवा में 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होगा।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा MyGov प्लेटफॉर्म पर डाक टिकट और फर्स्ट डे कवर डिजाइन करने की प्रतियोगिता शुरू की गई है।
- इच्छुक व्यक्ति प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए www.mygov.in पर लॉग इन कर सकते हैं।
- प्रतियोगिता 15 अगस्त तक खुली है। विजेता को महोत्सव में भाग लेने के लिए तीन रातों और तीन दिनों के लिए गोवा में यात्रा और आतिथ्य के साथ प्रशंसा प्रमाण पत्र मिलेगा।

5. रोजगार समाचार का ई-संस्करण हाल ही में किसने लॉन्च किया _____ **श्री प्रकाश जावड़ेकर।**

नोट:

- यह सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों सहित सरकारी क्षेत्र में नौकरी के अवसरों के बारे में उम्मीदवारों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।
- यह विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए कैरियर विकास से संबंधित लेखों के माध्यम से विभिन्न वर्गों में प्रवेश और कैरियर के अवसरों के बारे में जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान करेगा।
- इसे वेबसाइट www.employmentnews.gov.in पर जाकर ई-संस्करण टैब पर क्लिक करके देखा जा सकता है।

6. FAME इंडिया योजना के दूसरे चरण के तहत शहर के अंदर और शहरों के बीच संचालन के लिए 64 शहरों में कितनी इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी दी गई___**5,595।**

नोट:

- योजना का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर अग्रिम प्रोत्साहन राशि की पेशकश करके इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन को शीघ्र अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना है।
- भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, इससे सार्वजनिक परिवहन में स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा मिलेगा।

7. गृह मंत्री अमित शाह द्वारा विमोचित पुस्तक का शीर्षक _____**लिसनिंग, लर्निंग एंड लीडिंग।**

नोट:

- यह पुस्तक चेन्नई में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में विमोचित की गई।
- यह पुस्तक राज्यसभा के सभापति के रूप में सभा की प्रभावकारिता को बढ़ाने और इसकी दक्षता को प्रोत्साहित करने के उप-राष्ट्रपति के साहसिक कार्यों को भी दिर्शाती है।
- यह पुस्तक पिछले दो वर्षों में उप-राष्ट्रपति के देश भर में 330 सार्वजनिक कार्यों की झलक भी दिखाती है।

8. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने किनके लिए कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाओं का शुल्क (50 रुपये से बढ़ाकर 1,200 रुपये) किया _____ **SC और ST छात्रों।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- संशोधित मानकों के अनुसार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को पांच विषयों के लिए 24 गुना वृद्धि के साथ 1,200 रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि इससे पहले उन्हें इसके लिए 50 रुपये का भुगतान करना पड़ता था।
- सामान्य वर्ग के छात्र जो पहले 750 रुपये का भुगतान कर रहे थे, अब वे पांच विषयों के लिए 1,500 रुपये का भुगतान करेंगे।
- विदेश में CBSE स्कूलों में भर्ती छात्रों को कक्षा 10 और 12 दोनों के लिए पांच विषयों हेतु 10,000 रुपये का भुगतान करना होगा। पहले यह शुल्क 5000 रुपये था।

9. केंद्रीय मंत्री **रमेश पोखरियाल निशंक** और **गजेंद्र सिंह शेखावत** ने स्कूली छात्रों के बीच जल संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कौन सा अभियान शुरू किया_____ **समग्र शिक्षा-जल सुरक्षा अभियान**

नोट:

- उन्होंने दिल्ली कैंट में केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में अभियान शुरू किया।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्कूली छात्रों के बीच जल संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अभियान शुरू किया है ताकि वे राष्ट्र के समर्थ, कर्तव्यनिष्ठ और प्रतिबद्ध नागरिक बन सकें।
- विभाग ने देश के सभी स्कूलों में कार्यक्रम को लागू करने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की है।

10. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राष्ट्र का दौरा किया _____ **भूटान।**

नोट:

- दो दिवसीय यात्रा के दौरान, प्रधान मंत्री श्री मोदी अपने भूटानी समकक्ष लोतेय त्शेरिंग के साथ बातचीत की।
- इसके अलावा, प्रधानमंत्री एक जलविद्युत परियोजना का भी उद्घाटन किया और रुपे कार्ड्स की शुरुआत की।

11. केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री **प्रकाश जावड़ेकर** ने लगभग पांच मिनट का देशभक्ति से प्रेरित कौन सा संगीत वीडियो जारी किया _____**वतन।**

नोट:

- इस गीत के गायक जावेद अली, रचनाकार आलोक श्रीवास्तव (गीतकार) हैं और इसे दुष्यंत द्वारा संगीतबद्ध किया गया है।
- देशभक्ति गीत दूरदर्शन द्वारा निर्मित है।
- यह गीत "चंद्रयान 2" के हालिया सफल प्रक्षेपण के पीछे दृढ़ संकल्प और परिकल्पना सहित सरकार की कई अग्रणी पहलों को उजागर करता है।
- यह प्रधानमंत्री मोदी को भारत की सबसे तेज ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते हुए और योग दिवस समारोह को भी दिखाता है।

12. सिनेमा की दिग्गज **अभिनेत्री श्रीदेवी** के किस जन्म दिवस पर पुस्तक, **'श्रीदेवी: गर्ल वुमन सुपरस्टार'** का विमोचन किया जाएगा_____**56वीं जयंती।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- पुस्तक का लेखन लेखक-पटकथा लेखक सत्यार्थ नायक द्वारा किया गया है और पुस्तक को अभिनेत्री के निर्माता पति बोनी कपूर द्वारा स्वीकृति दी गई है।
- पुस्तक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के जीवन और समय की याद दिलाती है जिसने यह पुरुष-प्रधान फिल्म उद्योग में महिला सितारों की स्थितियों को परिवर्तित कर दिया था।
- पुस्तक अक्टूबर 2019 को पेंगुइन रैंडम हाउस के ईबरी प्रेस प्रकाशन के तहत प्रकाशित की जाएगी।

13. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने कहां पर कुछ ही पलों में रंग बदलने वाली प्रकाश व्यवस्था का उद्घाटन किया _____ **संसद भवन।**

नोट:

- संसद परिसर में 875 ऊर्जा-दक्ष LED लाइटें लगाई गई हैं।
- ये ऊर्जा दक्ष हैं और अन्य लाइटों के पांचवें भाग के बराबर बिजली का उपयोग करती हैं।
- ये उत्कृष्ट तीव्रता वाले LED बल्ब 16 मिलियन रंगों का संयोजन बनाने में सक्षम हैं और LED लाइटों को कंप्यूटर के माध्यम से प्रोग्राम और इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

14. भारतीय सेना ने जम्मू क्षेत्र में आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कौन सा मिशन शुरू किया_____ **मिशन रीच आउट।**

नोट:

- क्षेत्र की मौजूदा स्थिति की समीक्षा के लिए नगरोटा सैन्य स्टेशन में व्हाइट नाइट कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल परमजीत सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय मिशन रीच आउट सभा आयोजित की गई।
- कोर कमांडर ने सेना, नागरिक प्रशासन और अन्य सुरक्षा संस्थानों के बीच शांति, सद्भाव और सुखावह वातावरण बनाए रखने में पूर्ण तालमेल की प्रशंसा की।

15. नवगठित दो केंद्रशासित प्रदेश (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) आधिकारिक तौर पर कब अस्तित्व में आएंगे _____ **31 अक्टूबर 2019।**

नोट:

- नए पारित **जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम** के लिए राष्ट्रपति की सहमति 31 अक्टूबर से प्रभावी हो जाएगी।
- नए अधिनियम के अनुसार, केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा होगी जबकि लद्दाख बिना विधानसभा के केंद्रशासित प्रदेश होगा।
- केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में तीन जिले- लेह, कारगिल और लद्दाख हैं जबकि शेष 12 जिले जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में रहेंगे।
- प्रत्येक केंद्रशासित प्रदेश को एक अलग उप-राज्यपाल द्वारा शासित किया जाएगा।

16. जम्मू-कश्मीर सरकार तीन दिवसीय **वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2019** की मेजबानी कहां करेगी ____ **श्रीनगर।**

नोट:

- राज्य में पहला शिखर सम्मेलन जम्मू-कश्मीर को अपनी ताकत, रणनीति और क्षमता दिखाने का अवसर प्रदान करेगा।
- शिखर सम्मेलन बाहरी व्यवसाय और व्यापारिक समुदाय के मन में भय एवं आशंकाओं को दूर करने का अवसर प्रदान करेगा।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

17. भारत ने किसके लिए **संयुक्त राष्ट्र विशेष प्रयोजन न्यास कोष** में एक मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया _____ **निवासी समन्वय प्रणाली।**

नोट:

- संयुक्त राष्ट्र की जानकारी के अनुसार, विशेष प्रयोजन न्यास कोष (SPTF) संयुक्त राष्ट्र सचिवालय में एक विशिष्ट कोष है, जो नई निवासी समन्वय प्रणाली के सभी योगदान एवं वित्तीय लेन-देन को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से प्राप्त करने हेतु स्थापित किया गया है।
- SPTF वेब पोर्टल, कोष के लिए दर्ज की गई सभी प्रतिबद्धताओं, योगदान और व्यय को सामयिक आधार पर प्रदर्शित करता है।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. देश में स्तनपान और शिशु एवं छोटे बच्चों की भोजन कार्यप्रणालियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान किसने हासिल किया_____**मणिपुर।**

नोट:

- रिपोर्ट कार्ड में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार सबसे निचले स्थान पर हैं।
- राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में रहा।
- स्तनपान रिपोर्ट कार्ड को तीन संकेतकों पर आधारित कुल अंकों से तैयार किया गया है, जिसमें स्तनपान की प्रारंभिक दीक्षा, छह महीनों तक केवल स्तनपान और 6-8 महीने की आयु में बच्चों को स्तनपान कराना शामिल हैं।

2. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री **श्रीपद येसो नाइक** ने कहां पर भारतीय ध्वज फहराने के लिए एक पर्वतारोही अभियान दल को रवाना किया _____**माउंट एल्ब्रस, रूस।**

नोट:

- यह दल भारत के 73वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को पर्वत के शिखर पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।
- दार्जिलिंग में **हिमालयी पर्वतारोहण संस्थान (HMI)** के आठ पेशेवरों के अभियान दल का नेतृत्व इसके नायक ग्रुप कैप्टन जयकिशन कर रहे हैं।
- यह दल अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को योग का महत्व दर्शाने के प्रयास में पर्वत के ऊपर आसन भी करेगा।

3. उप-राष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** ने झारखंड सरकार की कौन सी योजना शुरू की _____**मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना।**

नोट:

- 'मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना' का उद्देश्य झारखंड के किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना और ऋण के कारण कृषि में आने वाली समस्याओं का मुकाबला करने में किसानों की मदद करना है।
- राज्य के 35 लाख किसानों को 3 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इस योजना के प्रथम चरण में, राज्य के 15 लाख किसानों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

4. हजारों छात्रों और कई सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने कहां पर मानव श्रृंखला बनाकर **15 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय ध्वज** को फहराया _____**रायपुर, छत्तीसगढ़।**

नोट:

- हजारों लोगों और विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अमपारा चौक से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय तक 15 किलोमीटर लंबे तिरंगे को लेकर एक मानव श्रृंखला बनाई।
- इस कार्यक्रम का आयोजन वसुधैव कुटुम्बकम फाउंडेशन द्वारा किया गया।

5. किसानों को 28000 से अधिक कृषि-मशीन/कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत किसने की_____**पंजाब कृषि विभाग।**

नोट:

- धान अवशेषों के यथावत प्रबंधन हेतु पहले चरण के तहत चालू वित्त वर्ष के दौरान योजना के लिए 278 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी।
- इस योजना के तहत किसानों को 50 प्रतिशत से लेकर 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है, जिसमें सहकारी समितियों और किसान समूहों को 80 प्रतिशत तथा व्यक्तियों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।
- कृषि विभाग इस वर्ष 15 सितंबर से पहले इन उपकरणों के वितरण के कार्य को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

6. कर्नाटक सरकार ने छात्र एवं स्टार्ट-अप को सशक्त बनाने के लिए कौन सी पहल प्रारंभ की _____ **ई-स्टेप।**

नोट:

- 'ई-स्टेप' पहल को कर्नाटक इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी सोसाइटी (KITS) के माध्यम से कर्नाटक में IT, BT और S & T विभाग द्वारा शुरू किया गया है।
- ई-स्टेप पहल के तहत बूट कैंप, परामर्श और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जो उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं की निगरानी करेंगे।
- यह कार्यक्रम अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा उद्यमिता की मूल बातें समझने हेतु छात्रों/स्टार्ट-अप/उद्यमियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

7. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री **ममता बनर्जी** ने कोलकाता में किन पर दुनिया के पहले संग्रहालय का उद्घाटन किया _____ **श्री चैतन्य महाप्रभु।**

नोट:

- संग्रहालय का निर्माण बाग बाजार गौड़ीय मिशन द्वारा किया गया है।
- चैतन्य संग्रहालय में भगवान कृष्ण के जीवन के कई पहलुओं पर आधारित चित्र हैं जिन्हें 'वृंदावन लीला' के नाम से जाना जाता है।
- **श्री चैतन्य महाप्रभु** 16वीं सदी के बंगाली हिंदू और सूफी संत थे और हिंदू धर्म की गौड़ीय वैष्णववाद परंपरा के प्रमुख समर्थक थे।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

1. अमेरिकी कैरियर रॉकेट फाल्कन 9 ने किस इजरायली संचार उपग्रह को कक्षा में स्थापित करने के लिए सफल उड़ान भरी ____ **AMOS-17.**

नोट:

- रॉकेट को फ्लोरिडा में केप कैनवेरल एयर फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया गया था। Amos-17 वर्ष 2011 में लॉन्च किए गए Amos-5 उपग्रह की जगह लेगा।
- Amos-5 के साथ संचार 2015 में खत्म हो गया था। बोइंग द्वारा निर्मित Amos-17 Ka, Ku और C-बैंड सिग्नल ट्रांसमिशन प्रदान करेगा और इजरायली संचार उपग्रह ऑपरेटर स्पेसकॉम के दायरे का अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप तक विस्तार करेगा।

2. भारत और बांग्लादेश ने किसके जल के सर्वोत्कृष्ट उपयोग के लिए एक संयुक्त तकनीकी समिति गठित करने पर सहमति व्यक्त की _____**गंगा जल।**

नोट:

- दोनों देशों ने फेनी, गोमती और तीस्ता सहित आठ नदियों के लिए अंतरिम जल-साझाकरण समझौते की एक रूपरेखा तैयार करने पर भी सहमति व्यक्त की है।
- दोनों देशों ने सीमा-पार नदियों के प्रदूषण से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की।
- यह भारत और बांग्लादेश के बीच जल संसाधन क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना मेगा-बेसिन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा जलीय क्षेत्र है।

3. दुनिया का सबसे पतला सोना किसने बनाया है, जो केवल दो परमाणुओं जितना मोटा या एक नाखून से लाख गुना पतला है_____ **लीड्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों।**

नोट:

- अपने 2D आकृति में सोना लचीला हो जाता है जो इसके अधिक कुशल उपयोग की क्षमता में वृद्धि करता है जैसे कि बेंडेबल स्क्रीन, इलेक्ट्रॉनिक इंक, चिकित्सीय नैदानिक परीक्षण और जल शोधन प्रणाली।

4. पाकिस्तान की ओर से परिचालन बंद करने के बाद भारतीय रेलवे ने किस ट्रेन को रद्द किया_____ **समझौता एक्सप्रेस।**

नोट:

- उत्तर रेलवे के अनुसार, पाकिस्तान ने लाहौर और अटारी के बीच चलने वाली समझौता एक्सप्रेस को रद्द कर दिया है।
- भारतीय रेलवे रविवार को दिल्ली से अटारी के लिए ट्रेन संचालित करती हैं, जबकि पाकिस्तान लाहौर और अटारी के बीच ट्रेन चलाता था।
- ट्रेन (समझौता एक्सप्रेस) को शिमला समझौते के बाद 22 जुलाई, 1976 को शुरू किया गया था और यह अमृतसर तथा लाहौर के बीच लगभग 52 किमी की दूरी पर चलती थी।
- 14 अप्रैल 2000 को, भारतीय रेलवे और पाकिस्तान रेलवे के बीच एक समझौते में, दूरी को केवल तीन किमी तक करने के लिए संशोधित किया गया था।

5. भारत और रूस कब तक 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार करने के लिए संबंधों को बढ़ावा देंगे ____**वर्ष 2025 तक।**

नोट:

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- **पीयूष गोयल** (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री) ने हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश और गोवा के मुख्यमंत्रियों और लगभग 140 भारतीय कंपनियों के एक उच्च प्रतिनिधिमंडल का रूस के व्लादीवोस्तोक में नेतृत्व किया (11-13 अगस्त 2019)।
- गोयल ने वर्ष 2025 तक 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर के व्यापार लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्राथमिक क्षेत्रों में व्यापार संबंधों में विविधता लाने और इसे गहरा करने की आवश्यकता पर बल किया।
- 5वां पूर्वी आर्थिक फोरम रूस के व्लादीवोस्तोक में सितंबर में आयोजित किया जाएगा।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. भारत की ट्रांससेक्सुअल महिला जिन्होंने लगातार तीसरी बार **मिस वर्ल्ड डायवर्सिटी** सौंदर्य प्रतियोगिता 2019 जीती __ **नाज़ जोशी।**

नोट:

- ट्रांससेक्सुअल महिला नाज़ **वर्ष 2017 और 2018** में लगातार तीन बार खिताब जीतने वाली पहली महिला बनीं।
- यह सौंदर्य प्रतियोगिता **मॉरीशस के पोर्ट लुईस** में आयोजित की गई थी।
- उन्हें मिस रिपब्लिक इंटरनेशनल ब्यूटी एंबेसडर 2017 और मिस यूनाइटेड नेशनल एंबेसडर का ताज भी पहनाया गया था।

2. डॉ. विक्रम साराभाई के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने किस क्षेत्र में दो पुरस्कार श्रेणियों की घोषणा की _____ **पत्रकारिता।**

नोट:

- पहली श्रेणी में 5,00,000 रुपये की नकद धनराशि, एक पदक और प्रशस्ति पत्र तथा प्रिंट मीडिया के दो पत्रकारों या फ्रीलांसरों को सम्मानित किया जाएगा।
- पुरस्कार की दूसरी श्रेणी में 3,00,000, 2,00,000 और 1,00,000 रुपये के 3 नकद पुरस्कार हैं और प्रिंट मीडिया के तीनों पत्रकारों या फ्रीलांसरों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।
- 'अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में विक्रम साराभाई पत्रकारिता पुरस्कार' उन पत्रकारों को सम्मानित और पुरस्कृत करता है जिन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान, अनुप्रयोगों और अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दिया है।

3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गुवाहाटी (IIT-G) के शोधकर्ताओं की एक टीम ने किसके बिना बैक्टीरिया का पता लगाने के लिए एक हाथ में पकड़ने योग्य उपकरण विकसित किया _____ **सूक्ष्मजीवविज्ञानी जांच।**

नोट:

- जैव-अनुकूल सेंसर युक्त हाथ में पकड़ने योग्य उपकरण, मस्तिष्क ज्वर जैसी सामयिक गंभीर बीमारियों का भी पता लगा सकता है।
- वर्तमान में उपलब्ध तकनीकें अत्यधिक समय लेती हैं। वर्तमान में, बैक्टीरिया का पता लगाने और सूक्ष्मजीवों का विश्लेषण करने के लिए एक रोगी से प्राप्त कोशिकाओं को प्रयोगशालाओं में संवर्धित या विकसित किया जाता है।
- इस अनुसंधान ने बैक्टीरिया की शीघ्र जांच को संभव बनाया है, जो न केवल स्वास्थ्य देखभाल की दृष्टि से बल्कि जैव-आतंकवाद विरोधी उपायों और पर्यावरण निगरानी में भी महत्वपूर्ण है।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

4. राष्ट्रपति **राम नाथ कोविंद** ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से किन्हें सम्मानित किया__ **प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख।**

नोट:

- प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया।
- भूपेन हजारिका के पुत्र तेज हजारिका ने उनकी ओर से पुरस्कार प्राप्त किया। जबकि नानाजी देशमुख के एक रिश्तेदार वीरेंद्र जीत सिंह ने उनकी ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।
- **नानाजी देशमुख** का जन्म वर्ष 1916 में महाराष्ट्र के परभणी में एक मराठी परिवार में हुआ था। बचपन में, वह स्वतंत्रता सेनानी **बाल गंगाधर तिलक** से प्रेरित थे।
- नानाजी ने वर्ष 1950 में गोरखपुर में भारत का पहला सरस्वती शिशु मंदिर स्थापित किया था।
- भारत रत्न से सम्मानित होने वाले व्यक्ति को भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर किया हुआ एक प्रमाण पत्र, जिसे 'सनद' कहा जाता है और एक पदक प्रदान किया जाता है।

5. भारत सरकार का नीति विचार मंच जिसने **वुमन ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (WTI) पुरस्कारों** का चौथा संस्करण शुरू किया_____ **नीति आयोग।**

नोट:

- पूरे भारत की महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से वुमन ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (WTI) पुरस्कार का आयोजन किया जा रहा है।
- WTI अवार्ड 2018 के विषय की निरंतरता में इस वर्ष का विषय 'महिला एवं उद्यमिता' (Women and Entrepreneurship) है।
- संस्करण की शुरुआत के दौरान नीति आयोग के CEO अमिताभ कांत, भारत में संयुष्ट्र राष्ट्र की समन्वयक और महिला उद्यमिता मंच (WEP) की साझेदार सुश्री रेनेटा लॉक-डेसालियन उपस्थित थे।

6. भारतीय वायु सेना (IAF) के विंग कमांडर जिन्हें **वीर चक्र** से सम्मानित किया गया_____ **अभिनंदन वर्थमान।**

नोट:

- परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद वीर चक्र तीसरा सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार है।
- विंग कमांडर अभिनंदन को 27 फरवरी को भारतीय और पाकिस्तानी वायु सेनाओं के बीच हुई हवाई युद्ध के दौरान अपने मिग -21 बाइसन से बाहर निकलते समय चोट लगी थी।
- भारतीय वायुसेना की स्क्वाड्रन लीडर मिन्टी अग्रवाल को भारत और पाकिस्तान के बीच 27 फरवरी को हुए हवाई युद्ध के दौरान एक लड़ाकू विमान नियंत्रक के रूप में उनकी भूमिका के लिए युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित किया जाएगा।
- भारतीय सेना में 1 राष्ट्रीय राइफल्स (महार) के सिपाही प्रकाश जाधव को जम्मू-कश्मीर में एक ऑपरेशन के दौरान निभाई गई भूमिका के लिए कीर्ति चक्र (मरणोपरांत) से सम्मानित किया जाएगा।

7. 'Chevalier de l'Ordre du Mrite Agricoleto' से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय शेफ ____ **प्रियम चटर्जी।**

नोट:

- ऑर्डर ऑफ एग्रीकल्चर मेरिट कृषि में उत्कृष्ट योगदान के लिए फ्रांसीसी गणराज्य द्वारा दिया जाने वाला सम्मान है।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- उन्हें भारत में पाक-कला संबंधी दृश्य को परिवर्तित करके नयापन लाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।
- प्रियम को अपने गृह राज्य पश्चिम बंगाल से पारंपरिक व्यंजनों को सामने लाने और इसे फ्रेंच रूप देने के लिए जाना जाता है।

खेल समाचार

1. रूस में आयोजित होने वाली आगामी **महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप** के लिए किन्हें चुना गया _____ **मैरीकॉम और लवलीना बोर्गोहेन।**

नोट:

- मैरी कॉम (36 वर्षीय), जिन्होंने इस वर्ष इंडिया ओपन और इंडोनेशिया में हाल ही में हुए टूर्नामेंट में दो स्वर्ण पदक हासिल किए थे, को 51 किग्रा वर्ग में चुना गया है।
- जबकि विश्व और एशियाई कांस्य-पदक विजेता बोर्गोहेन 69 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

2. उरुग्वे के पूर्व कप्तान जिन्होंने 40 वर्ष की आयु में अपने आधिकारिक सन्यास की घोषणा की ___ **डियागो फोरलेन।**

नोट:

- वर्ष 2011 में, स्ट्राइकर ने उरुग्वे को कोपा अमेरिका कप जीतने में मदद की, यह प्रतियोगिता उनके पिता और दादा दोनों ने जीती थी।
- उन्हें दक्षिण अफ्रीका में वर्ष 2010 विश्व कप के दौरान सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था, जिसमें उरुग्वे चौथे स्थान पर रहा था।
- उन्होंने अपने देश के लिए 112 मैचों में 36 गोल किए।

3. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी___ **हाशिम अमला।**

नोट:

- हाशिम अमला ने वर्ष 2004 में कोलकाता में खेले गए एक टेस्ट मैच में भारत के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- अमला ने दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन प्रारूपों में 349 मैच खेले, जिसमें कुल 18,000 से अधिक रन बनाए।
- अमला सबसे तेज 2000, 3000, 4000, 5000, 6000 और 7000 एकदिवसीय रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

4. भारतीय तीरंदाजी संघ (AAI) को दो समानांतर संस्थाओं को निर्वाचित करके दिशानिर्देशों की अवज्ञा करने के लिए किसने निलंबित किया ___ **विश्व तीरंदाजी (WA)।**

नोट:

- यह निर्णय 12 अगस्त से प्रभावी है और अंतिम प्रतिस्पर्धा जिसमें तीरंदाज भारतीय ध्वज के तहत भाग ले सकते हैं, वह इस महीने की 19 से 25 तारीख तक मैड्रिड में विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप है।
- नवंबर में बैंकॉक में आयोजित होने वाली एशियाई चैंपियनशिप और एशियाई पैरा चैंपियनशिप में ओलंपिक कोटे के स्थान हासिल किए जा सकेंगे।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- भारत ने अगले ओलंपिक के लिए अब तक पुरुषों के तीन स्थान सुरक्षित कर लिए हैं, लेकिन अभी तक एक भी महिला स्थान नहीं जीता है।

5. न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान जिन्होंने प्रतियोगी क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा की___ **ब्रेंडन मैकुलम।**

नोट:

- मैकुलम, जो टोरंटो नेशनल्स के लिए खेल रहे हैं, ने वर्ष 2016 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, लेकिन दुनिया भर में विभिन्न T-20 लीग में अपना खेल जारी रखा था।
- न्यूजीलैंड के 37 वर्षीय पूर्व कप्तान ने 101 टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 12 शतकों और 302 के उच्चतम स्कोर के साथ 6453 रन बनाए हैं।
- 260 एकदिवसीय मैचों में, उन्होंने 5 शतकों के साथ 6083 रन बनाए, जबकि 71 T-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 2140 रन बनाए हैं।

6. फोर्ब्स द्वारा जारी की गई वर्ष 2019 में सर्वाधिक कमाई करने वाली महिला एथलीटों की सूची में शीर्ष स्थान किसने हासिल किया___ **सेरेना विलियम्स।**

नोट:

- उन्होंने लगातार चौथे वर्ष 29.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल वार्षिक कमाई के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है।
- **नेओमी ओसाका** (जापान) 24.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।
- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी **पी.वी. सिंधु** फोर्ब्स की सर्वाधिक कमाई करने वाली महिला एथलीटों की सूची में शीर्ष 15 में से 13वें (5.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) स्थान पर रहीं।
- अमेरिकी विश्व कप विजेता स्ट्राइकर एलेक्स मॉर्गन 5.8 मिलियन डॉलर (4.77 मिलियन पाउंड) की कमाई के साथ 12वें स्थान पर पहली गैर-टेनिस खिलाड़ी हैं।

7. भारतीय जूनियर शटलरों ने कहां पर आयोजित **बुल्गारियाई जूनियर इंटरनेशनल चैंपियनशिप** में छह पदक (स्वर्ण -3, रजत -1 और कांस्य -2) जीते _____ **पज़ार्डज़िक, बुल्गारिया।**

नोट:

- महिला एकल में सामिया इमाद फारुकी ने, मिश्रित युगल में एड्विन जॉय और श्रुति मिश्रा की जोड़ी ने और महिला युगल में तनिषा क्रेस्टो और अदिति भट्ट की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता।
- ईशान भटनागर और विष्णुवर्धन की पुरुष युगल की जोड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- मालविका बंसोद और मेईराबा लुवांग दोनों ने एकल स्पर्धाओं में कांस्य जीता।

8. हैदराबाद ओपन बैडमिंटन में पुरुष एकल का खिताब किसने जीता_____ **सौरभ वर्मा।**

नोट:

- उन्होंने 52 मिनट तक चले अंतिम मुकाबले में सिंगापुर के लोह कीन येव को 21-13, 14-21, 21-16 से हराया।
- इससे पहले, सौरभ ने पिछले वर्ष डच ओपन और रूसी ओपन में दो सुपर 100 खिताब जीते थे।
- हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्विनी पोनप्पा और एन. सिक्की रेड्डी महिला युगल में उपविजेता रहीं।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- **2019 हैदराबाद ओपन** एक बैडमिंटन टूर्नामेंट है जो भारत के हैदराबाद में जी.एम.सी. बालयोगी सैट्स इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ था।

9. भारत के शीर्ष पहलवान जिन्होंने जॉर्जिया में आयोजित **त्बिलिसी ग्रैंड प्रिक्स** में स्वर्ण पदक जीता____ **बजरंग पुनिया।**

नोट:

- उन्होंने पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतिस्पर्धा के 65 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ईरान के पेइमन बिबयानी को 2-0 से पराजित किया।
- डैन कोलोव, एशियाई चैंपियनशिप और अली अलाइव टूर्नामेंट में शीर्ष पदक हासिल करने के बाद यह बजरंग के लिए सत्र का चौथा स्वर्ण है।
- त्बिलिसी ग्रैंड प्रिक्स ऑफ वी. बालावदेज़ एंड जी. कार्तोज़िया जॉर्जिया के न्यू स्पोर्ट्स पैलेस में जॉर्जियाई कुश्ती महासंघ द्वारा आयोजित की जाती है।

10. भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (BCCI) ने किसके दायरे में आने पर सहमति व्यक्त की _____ **नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (NADA)।**

नोट:

- यह ऐतिहासिक निर्णय भारतीय क्रिकेट के शासी निकाय को आर्थिक रूप से स्वायत्त होने के बावजूद सरकारी मानदंडों पर आधारित एक खेल महासंघ बनाता है।
- नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (NADA) भारत में खेल के सभी प्रारूपों में डोपिंग नियंत्रण कार्यक्रम को बढ़ावा देने, समन्वित करने और इसकी निगरानी के लिए उत्तरदायी राष्ट्रीय संगठन है।

11. महिला वर्ग में मोटरस्पोर्ट्स में विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय ____ **ऐश्वर्या पिस्से।**

नोट:

- इससे पहले, ऐश्वर्या ने दुबई में पहला राउंड जीता।
- ऐश्वर्या, जिन्होंने दुबई में पहला राउंड जीता और पुर्तगाल में खेले गए राउंड में तीसरे, स्पेन में पांचवें और हंगरी में चौथे स्थान पर रहीं थी, 65 अंक हासिल किए और फाइनल में समग्र रैंकिंग में पुर्तगाल की रीटा विएरा से केवल चार अंक आगे रहीं।

12. नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में **2019 अल्टिमेट टेबल टेनिस लीग** का खिताब किसने जीता ___ **चेन्नई लायंस।**

नोट:

- चेन्नई लायंस ने दबंग दिल्ली को 8-1 से हराकर नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में **2019 अल्टिमेट टेबल टेनिस लीग** का खिताब जीता।
- अल्टिमेट टेबल टेनिस (UTT) भारत में वर्ष 2017 में शुरू की गई एक पेशेवर स्तर की टेबल टेनिस लीग है।

13. एकदिवसीय मैचों में भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी ___ **विराट कोहली।**

नोट:

- कोहली ने अपने 238वें मैच में गांगुली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जबकि गांगुली ने 11363 रन बनाने के लिए 311 एकदिवसीय मैच खेले थे।

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

- तेंदुलकर के नाम पर 18,426 रनों का रिकॉर्ड दर्ज है, जो एकदिवसीय क्रिकेट में दुनिया के किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन है।
- कोहली एकदिवसीय क्रिकेट में वेस्टइंडीज के खिलाफ सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बने।

14. स्पेन के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने **रोजर्स ओपन** का पुरुष एकल खिताब जीता ___ **राफेल नडाल।**

नोट:

- कनाडा की बियांका एंड्रीस्क्यू (19 वर्षीय) ने कनाडा ओपन (टेनिस) 2019 में महिला एकल खिताब जीता।
- नेशनल बैंक द्वारा आयोजित 2019 रोजर्स कप (कनाडाई ओपन) आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेला जाने वाला एक टेनिस टूर्नामेंट है।
- यह कनाडाई ओपन का 139वां संस्करण (पुरुषों के लिए) और महिलाओं के लिए 128वां संस्करण है।
- महिलाओं की प्रतियोगिता टोरंटो के अवीवा सेंटर में हुई और पुरुषों की प्रतियोगिता मॉन्ट्रियल के IGA स्टेडियम में हुई।

15. महिला ट्वेंटी-20 क्रिकेट, बीच वॉलीबॉल और पैरा-टेबल टेनिस को किन खेलों में शामिल किया गया _____**2022 राष्ट्रमंडल खेल।**

नोट:

- राष्ट्रमंडल खेल 2022 **इंग्लैंड के बर्मिंघम** (27 जुलाई से 7 अगस्त 2022) में आयोजित होंगे।
- इस बार निशानेबाजी और तीरंदाजी की प्रतिस्पर्धाएं वर्ष 2022 के राष्ट्रमंडल खेल में नहीं होंगी।
- पिछली बार मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रिकेट (50 ओवर) खेला गया था।

----------0----------

AFCAT II 2019
Online Test Series
ATTEMPT NOW

gradeup

AFCAT II 2019
Online Test Series

1. Based on the Latest Exam Pattern
2. Available in Hindi & English
3. All India Rank & Performance Analysis
4. Detailed Explanation of Solutions
5. Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

Prep Smart. Score Better.

www.gradeup.co